# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

नैक द्वारा **'A'** ग्रेड प्रदत्त / **NAAC Accreditation 'A' Grade**

ज्ञान शांति मैत्री

**क़ादर नवाज़ ख़ान**

**Kadar Nawaz Khan**

कुलसचिव (कार्यवाहक)

Registrar (Acting)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**दूरभाषक्र.**/Phone No.: 07152-230902

क्रमांक: 04/परी/स.प./मई, 2026/21/4203

दिनांक: 26.05.2026

## <u>अंतिम सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु विषम अधिसत्र के लिखित/आंतरिक पूरक परीक्षा आवेदन-प्रपत्र भरने संबंधी सूचना</u>

दिनांक 27.04.2026 को संपन्न परीक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार अधिसत्र परीक्षा (मई, 2026) की परीक्षाएं दिनांक 23 जून, 2026 से 11 जुलाई, 2026 तक संपन्न होगी। उक्त परीक्षा हेतु सूचना क्रमांक: 04/परी/स.प./मई, 2026/21/3892 दिनांक 20.03.2026 के तहत द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम, अष्टम एवं दशम सेमेस्टर के ऑनलाइन **नियमित परीक्षा आवेदन दिनांक 25.03.2026 सांय 06:00 बजे तक एवं विलंब शुल्क रु. 500/- (रु. पांच सौ मात्र) के साथ दिनांक 30.03.2026 सांय 06:00 बजे तक** भरवाये गये थे एवं सूचना क्रमांक: 04/परी/स.प./मई, 2026/21/3878 दिनांक 16.03.2026 के तहत जिन विद्यार्थियों के अंतिम परीक्षा परिणाम प्रथम, तृतीय, पंचम, सप्तम एवं नवम के पूरक/बैक प्रश्न-पत्र के कारण रह गये हैं, ऐसे विद्यार्थियों से प्रत्येक प्रश्न-पत्र शुल्क **राशि रु. 500/- (रु. पांच सौ मात्र) जमा करवाकर लिखित/आंतरिक पूरक परीक्षा आवेदन प्रपत्र दिनांक 24.03.2026 तक** भरवाये गये थे।

विद्यार्थियों से पूरक परीक्षा आवेदन भरने से संबंधित प्राप्त अनुरोध पत्रों के आलोक में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरांत विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध **'समर्थ पोर्टल'** पर स्वयं की आईडी से Login कर **दिनांक 26.05.2026 से दिनांक 30.05.2026 रात्रि: 11:30 बजे** तक ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने की व्यवस्था निम्नानुसार की जाती है:-

1. अंतिम सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थी, जो निर्धारित समय अवधि में **पूरक परीक्षा आवेदन** (लिखित/आंतरिक) 'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन नहीं भरे हैं, वे अपने **विषम सेमेस्टर के प्रति प्रश्न-पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रु. 500/- (रु. पांच सौ मात्र)** एवं **विलंब शुल्क रु. 500/- (रु. पांच सौ मात्र)** ऑनलाइन भुगतान कर 'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

2. जो **विद्यार्थी एनसीआरएफ के स्तर 5.5 को पूर्ण करके कुल 120 क्रेडिट अर्जित कर चुके हैं** और स्नातक पूर्व कार्यक्रम से उन्हें **निकास (Exit)** करने की अनुमति प्राप्त हुई हैं, ऐसे विद्यार्थियों के **विषम सेमेस्टर** के अगर कोई **पूरक प्रश्न-पत्र** रह गए हों, वे **प्रति प्रश्न-पत्र शुल्क रु. 500/- (रु. पांच सौ मात्र)** ऑनलाइन भुगतान कर 'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

*निरंतर....2*

क़ादर नवाज़
26/5/26

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

नैक द्वारा **'A'** ग्रेड प्रदत्त / **NAAC Accreditation 'A' Grade**

**क़ादर नवाज़ ख़ान**

**Kadar Nawaz Khan**

कुलसचिव (कार्यवाहक)

Registrar (Acting)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**दूरभाषक्र.**/Phone No.: 07152-230902




3. अंतिम सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने अधिसत्र परीक्षा (दिसंबर, 2025) की उत्तर-पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन किए थे। **पुनर्मूल्यांकन के पश्चात भी उत्तीर्ण नहीं हुए हैं, वे विद्यार्थी विषम सेमेस्टर हेतु प्रति प्रश्न-पत्र शुल्क रु. 500/- (रु. पांच सौ मात्र)** ऑनलाइन भुगतान कर 'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

ऑनलाइन लिखित/आंतरिक पूरक परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने से संबंधित तकनीकी समस्या के लिए परीक्षा विभाग **दूरभाष क्रमांक: 07152-242812** पर कार्यालयीन दिवसों में **प्रात:10:00 से सायं: 05:30 बजे** तक संपर्क कर सकते हैं।

समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/अकादमिक निदेशक/केंद्र प्रभारियों से अनुरोध है कि परीक्षार्थियों के पूर्ण भरे हुए पूरक परीक्षा आवेदन प्रपत्रों को परीक्षा में बैठने की संस्तुति के साथ **दिनांक 01.06.2026 तक** अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराएँ।

कादर नवाज़
**(कुलसचिव)**
26/5/26

**प्रति (ई-मेल के माध्यम से),**

1. कुलपति कार्यालय
2. कुलसचिव कार्यालय
3. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अकादमिक निदेशक/केंद्र प्रभारी
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय
5. अकादमिक विभाग
6. प्रभारी, लीला- विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु
7. संबंधित पत्रावली।